हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 22 जून 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 33 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी ने मनाया ...



16 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी वर्ग के लोगों के...



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

## योग दिवस : पीएमश्री नरहरदेव एवं बीएसएफ कैंप में योग दिवस की रही धूम

# योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, निरोगी जीवन की औषधि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास पीएमश्री नरहरदेव शाउमावि में आयोजित हुआ, वहीं बीएसएफ की 178 बटालियन ने दुर्गूकोंदल कैंप पर योग दिवस मनाया। जवानों का उत्साह देखने लायक बन रहा था।

जिलास्तरीय कार्यक्रम में सांसद भोजराग नाग ने कहा कि योग एवं अध्यात्म की भारत की प्राचीन परम्परा को सम्पूर्ण विश्व ने अपनाया है। इसे वैश्विक स्तर पर अधिमान्य दिलाने का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है, जिनके सद्प्रयासों से यह संभव हो सका। योग से शारीरिक व मानसिक क्षमता बढ़ती है तथा विकार दूर होता है और स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत ही आवश्यक है। वर्तमान परिवेश में व्यस्तता और समयाभाव के चलते लोगों की जीवन शैली विकृत हो चुकी है, जिससे वे विभिन्न बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। योग से स्वस्थ तन और मन का सकारात्मक विकास होता है तथा जिस तरह प्राचीन समय में ऋषि-मुनि अपनी आत्मशक्ति को जागृत कर अलौकिक ऊर्जा को प्राप्त करते थे, उसी तरह हम सबको उनका अनुसरण करने की आवश्यकता है। सांसद ने योग को जीवन का हिस्सा बनाने तथा नशा मुक्त भारत का निर्माण करने का संकल्प भी दिलाया।

**ये रहे उपस्थित-** जिलास्तरीय कार्यक्रम में राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, नगर पालिका ▸▸ शेष पेज 14 पर



### विभिन्न प्रकार के योग मुद्रा का किया अभ्यास

नरहरदेव शाउमावि प्रांगण में सुबह सात बजे सभी उपस्थित अतिथियों के साथ योग प्रशिक्षक के द्वारा बैठकर, खड़े होकर तथा लेटकर किए जाने वाले सूक्ष्म योग, अर्द्धचक्रासन, ताड़ासन, भुजंगासन, शशकासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, उत्तानपाद आसन, कटिचक्रासन, अर्धकटिचक्रासन, उष्ट्रासन, अर्धउष्ट्रासन, मत्स्यासन, मार्जारासन सहित विभिन्न प्रकार के योग मुद्रा का अभ्यास कराया गया और साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी जैसे विभिन्न प्राणायामों का सामूहिक अभ्यास कराया गया।



### बीएसएफ के जवानों ने दुर्गूकोंदल में 178 बटालियन कंपनी में किया योग

दुर्गूकोंदल में तैनात 178 वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल के प्रांगण में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को अत्यंत उत्साह एवं अनुशासन के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रम बटालियन के कमांडेंट रवि भूषण की उपस्थिति में सुबह साढ़े 6 बजे योग शुरू किया गया। कमांडेंट रवि भूषण ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसे तन, मन और आत्मा को जोड़ने वाला माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि सीमाओं की सुरक्षा के लिए सजग और स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है और योग इसका सशक्त माध्यम है। योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, यह एक जीवनशैली, आत्मिक अनुशासन और सामूहिक कल्याण का मार्ग है। इसे बंद न करें, आदत बनाएं। यह पुण्य का कार्य है। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य विषय पर ▸▸ शेष पेज 14 पर

# संलग्नीकरण शिक्षकों को बचाने के खेल की हुई शिकायत




हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर में लगभग तीन दर्जन शिक्षक संलग्नीकरण का लाभ उठा रहे है, उनको हटाए जाने की माँग लगातार उठ रही है। यह भी आरोप लग रहे है कि संबंधित अधिकारी उनको बचाने में लगे है। जिला शिक्षा अधिकारी ने साफ शब्दों में कहा कि सभी संलग्न शिक्षकों को एक सप्ताह के अंदर मूल संस्था भेजा जाएगा।

■ एक सप्ताह में मूल शाला में जाएंगे सभी शिक्षक

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से महज ही कुछ दूरी पर स्थित प्राथमिक शाला सलिहापारा संचालित हो रहा है, जहां पर बच्चों की दर्ज संख्या 37 है। कुल तीन शिक्षक पदस्थ है, जिनमे एक शिक्षक अटैच है। प्राथमिक शाला साल्हे में दर्ज संख्या 40 है। वहा भी तीन शिक्षक पदस्थ है, जिनमे एक दुर्गुकोंदल ब्लाक के शिक्षक अटैच में है। जबकि छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के कड़े निर्देश के बावजूद शिक्षा अधिकारी नियम कायदे को दर किनार करते हुए अपने करीबियों को बचाने के लिए अटैच करके रखे हुए है। युक्तियुक्तकरण नियम के तहत शिक्षको को अतिशेष सूची निकाला गया, जिसमें अधिकारियों के द्वारा गलत तरीके से योग्य शिक्षको की सूची ▸▸ शेष पेज 14 पर

### एक सप्ताह के अंदर पूरी होगी प्रक्रियाः डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने इस विषय पर कहा कि जितने भी शिक्षक संलग्नीकरण दिखा रहे है, उनको मूल शाला में भेजने के लिए आदेश लगातार जारी किए जा रहा है। संलग्नीकरण वाले सभी शिक्षकों को मूल शाला में भेजने की पूरी प्रकिया को एक सप्ताह के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कोदागांव के चार बच्चों का प्रयास विद्यालय के लिए हुआ चयन

**दसपुर।** शिक्षा सत्र 2024-25 चयन प्रयास परीक्षा में कक्षा 9 वीं के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोदागांव से शलेन्द्र दुग्गा, पुष्पेन्द्र मरकाम, नाईसी देवांगन और रोमिका दर्रो का चयन हुआ है। विदित हो कि इससे पूर्व राष्ट्रीय सह साधन छात्रवृत्ति परीक्षा में सात बच्चों का तथा राष्ट्रीय सैनिक विद्यालय के लिए पांच बच्चों का चयन हुआ है। इस ऐतिहासिक परिणाम से क्षेत्र के लोगों में काफी हर्ष व्याप्त है। लोगों का मानना है कि ऐसे परीक्षा परिणाम से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आने वाले बच्चों के लिए प्रेरणा का श्रोत बनेगा।

### महिल ने जहर खाकर दी जान

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत बड़ेपिंजोड़ी निवासी 35 वर्षीय सुमित्रा सलाम ने जहर खा लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने के कारण 20 जून को सुबह 9 बजे इलाज के दोरान उसकी मौत हो गई। सीएचसी आमाबेड़ा से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### ग्रामीण की हुई मौत मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत भण्डारीपारा निवासी 56 वर्षीय कार्तिकराम यादव का अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए 20 जून को अस्पताल में लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शराब पीने से मना किया जहर खाकर दे दी जान

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत एक युवक को शराब पीने के लिए मना किया गया तो वह नाराज होकर कीटनाशक का सेवन कर लिया। आनन फानन में उसे सीएचसी नरहरपुर ले जाया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सरही निवासी 33 वर्षीय दशरथ मंडावी का इलाज के दौरान मौत हो गया। सरही निवासी 55 वर्षीय लीलाराम मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। मना करने पर कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### ग्रामीण ने पेड़ पर लगा ली फांसी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत नरेटीटोला निवासी 60 वर्षीय मंगल ध्रुव ने जंगल की ओर खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। कोड़ेकुर्से निवासी 55 जंगल राम ध्रुव ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 19 जून को शाम 7 बजें खेत की ओर जंगल कि ओर कर्रा पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा आत्महत्या के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में योग दिवस मना

**जगदलपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटी सेमरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया।

# चार दिवसीय हनुमंत यज्ञ और हनुमान कथा महोत्सव का शुभारंभ 24 जून से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

विकासखंड नरहरपुर के अंतर्गत देवरी बालाजी में चार दिवसीय हनुमंत यज्ञ एवं हनुमान कथा महोत्सवा का शुभारंभ 24 जून से होगा और समापन 27 जून को होगा। नीतराज साहू कथावाचक के रूप में उपस्थित रहेंगे।

श्री जगन्नाथ स्वामी बालाजी मंदिर देवरी के प्रबंधन के अनुसार 24 जून मंगलवार को तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे कलश यात्रा के साथ होगी, जो भक्ति, संस्कृति और उत्सव का भव्य परिचय कराएगी। इसके उपरांत मंदिर में जीर्णोद्धार हवन पूजन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु पारंपरिक विधि-विधान से भाग लेंगे। इसके उपरांत 25 जून की सुबह 7 बजे से यज्ञ आहुति की प्रक्रिया आरंभ होगी। दिनभर संगीतमय हनुमान कथा का आयोजन होगा, जो संध्या आरती के साथ सम्पन्न होगा। भजनों और प्रवचनों के माध्यम से भक्तों को प्रभु हनुमान की जीवन गाथा और भक्ति की महिमा का अनुभव कराया जाएगा। इसके उपरांत 26 जून गुरूवार को सुबह 7 से 11 बजे तक यज्ञ आहुति जारी रहेगी। दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक संगीतमय हनुमान कथा होगी, जिसमें प्रसिद्ध



कथा वाचकों द्वारा प्रभु हनुमान की लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। इसके पश्चात संध्या आरती का आयोजन होगा। 27 जून शुक्रवार को समापन दिवस प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक कथा, दोपहर 12 बजे पूर्ण आहुति एवं 3 बजे से चढ़ोत्री कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। यह दिन यज्ञ की पूर्णता, भक्तों की आस्था की पराकाष्ठा और प्रसाद वितरण के उत्सव का प्रतीक होगा।

आयोजन समिति के प्रमुख सदस्यों जगदीश नरेटी, अर्जुन शरण कश्यप, योगेंद्र चक्रधारी, महावीर मरकाम, घनश्याम साहू एवं विवेक मरकाम ने दी है। उनका कहना है कि यह आयोजन सामाजिक समरसता, धार्मिक चेतना और सामूहिक ऊर्जा का प्रतीक होगा।

# घायल युवक की हुई मौत, पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

बांदे थानांतर्गत मेन रोड पालनदी के पास पिकअप वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक को गंभीर चोट आने से मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में आरोपी की जानकारी मिलने पर पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

विवेचना में पाया गया कि मृतक पीव्ही 78 जनकपुर निवासी 18 वर्षीय रोहित सरकार पिता मानिक सरकार घर से 17 मई को शाम साढ़े 7 बजें मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीई 7726 से अपने दोस्त राजेश बाला को छोड़ने के लिए पीव्ही 83 गोविंदपुर जाने के लिए निकला था।




मोटर सायकल को मृतक रोहित सरकार चला रहा था। पीछे में राजेश बाला बैठा हुआ था। मेन रोड पालनदी के पास पहुंचे थे कि बांदे से पखांजुर कि ओर जा रही चार पहिया वाहन पिकअप क्रमांक सीजी 05 एआर 3039 के चालक द्वारा वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक तथा उतावलेपन में वाहन चला कर सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक ▸▸ शेष पेज 14 पर

# जमीन विवाद को लेकर आरोपियों ने डंडे से की मां-बेटे की बेदम पिटाई, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

खेती जमीन की बात को लेकर ग्रामीणों के बीच जमकर विवाद हो गया। आरोपियों ने मिलकर महिला और उसके बेटे के साथ डंडा से मारपीट किया, जिससे उन्हे गंभीर चोट आई और प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

■ मां-बेटे को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती




ताड़ोकी थाना में शिकायत करने पहुंचे हवेचुर निवासी 40 वर्षीय फूल सिंह दरपट्टी पिता स्व. जंगलूराम दरपट्टी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं और 12 जून को मेरे हिस्से की जमीन को मेरे भाई बाल सिंह दरपट्टी के द्वारा ट्रेक्टर से हल चलवा रहा था, जिसे मेरे द्वारा मना किया गया। कुछ देर बाद करीबन हवेचुर निवासी बाल सिंह दरपट्टी पिता स्व. जंगलूराम दरपट्टी, पंडितराम दरपट्टी पिता स्व. जंगलूराम दरपट्टी, बड़गांव निवासी रामचन्द दरपट्टी पिता पंडितराम दरपट्टी मेरे घर के सामने आकर जमीन की बात को लेकर कहने लगे कि तुम कौन होते हो जमीन में खेती करने वाले कहते हुए जान से मारने की धमकी देकर मुझे एवं मेरी पत्नी सोमबती दरपट्टी, बेटा योगेश कुमार दरपट्टी को डंडा से मारपीट किया। मारपीट से सोमबती दरपट्टी के कनपटी, पीठ एवं मेरे बेटे योगेश कुमार दरपट्टी के कनपट्टी व पीट में चोंट लगा। घायल पत्नी और बेट को तुरंत इलाज ▸▸ शेष पेज 14 पर

# अज्ञात वाहन ने दो लोगों को मारी टक्कर, एक को आई गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम झीपाटोला के पास चारामा की ओर से आ रही अज्ञात वाहन के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दो लोगो को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से

■ पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज



एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे बासनवाही निवासी बेलाराम साहू पिता स्व. ताराचंद साहू ने पुलिस को बताया कि 9 जून को पत्नी भुनेश्वरी साहू एवं मेरी बहन अनुसुईया साहू दोनो आम बेचने झीपाटोला गए थे। आम बेचकर शाम करीबन साढ़े 6 बजे घर वापिस आ रहे थे। रास्ते में पटेल भवन झीपाटोला के पास चारामा की ओर से आ रही अज्ञात वाहन के चालक ने वाहन को तेज एवं ▸▸ शेष पेज 14 पर

# मितानिन की हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सौंपा गया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजूर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पखांजूर के द्वारा दुर्गुकोंदल में महिला मितानिन जयंती मंडल की हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। महिला मितानिन अपने घर से दूर अपनी सेवा दे रही थी और उनकी हत्या से घर दूर रहकर काम करने वाली महिलाओं में डर का माहौल व्याप्त हो गया है।

■ मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की हो रही मांग

महिला मितानिन जयंती मंडल की हत्या के 3 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों का नहीं पकड़ा जाना प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था को दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी ने मांग किया है कि इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार करने और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर अंजोर सिंह पैकरा के माध्यम से मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को ज्ञापन सौंपा गया है। कांग्रेस पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर आरोपियों को जल्द से जल्द नहीं पकड़ा गया तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और आरोपियों को कितनी जल्दी पकड़ पाता है।

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर रूप सिंह पोटाई, सुप्रकाश मल्लिक, अमर मंडल, निहार सरकार, सपन विश्वास, हर्षित मृर्धा, गोपाल मजूमदार, विकास मंडल, अमूल्य मांझी, गोपाल कुंडू, संजीत गाईन, दिलीप विश्वास, विकम मल्लिक, रमेन सरकार, मणिशंकर मंडल, सुमित टिकेदार, मनोज मंडल, संजय खसवा, आशीष देवांगन, किशोर सिकदार, रामसिंह दुग्गा सहित क्षेत्र की मितानिन कर्मी उपस्थित रहे।*

## आरक्षक परिवार के साथ गया पुराने घर, सूने मकान में हो गई सेंधमारी

# बरपारा में आरक्षक के घर में चोरों का धावा, आलमारी से 11 हजार नकद पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम रतेसरा बरपारा के सूने मकान में अज्ञात चोर ने धावा बोलते हुए चोरी की घटना को अंताज दिया। अज्ञात चोरो ने आरक्षक के घर को भी नहीं छोड़ा, उनके घर में रखी आलमारी से 11 हजार नगद रकम लेकर नौ दो ग्यारह हो गए। ईलाके में सभी जानते है कि चोरो जिस घर में हुई है, वह आरक्षक का घर है।

चोरी की शिकायत करने पहुंचे ग्राम बारगरी नयापारा निवासी डोमेन्द्र कुमार नेताम हरक राम नेताम ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में यातायात शाखा में आरक्षक के पद पर जगदलपुर में पदस्थ हूं। मेरा पैतृक मकान




बारगरी नायापारा में है। वर्तमान में ग्राम रतेसरा बरपारा में नया मकान बनाया हूं। मै अपने परिवार के साथ छुट्टी पर आता हूं तो मेरा नया मकान में ही रहता हूं। मैं अवकाश पर 14 जून सपरिवार आया हूं। रतेसरा वाला मकान में रहने के बाद लगभग 7 बजे मेरी मां का स्वाथ्य खराब रहने से उसे देखने के लिए पत्नी और बच्चों के साथ पैतृक मकान बारगरी नयापारा में गया था।

परिवार के साथ 16 जून तक बारगरी नयापारा में ही रहा। अगले दिन 17 जून को सुबह साढ़े 9 बजें परिवार सहित मेरे रतेसरा के नया मकान में आया तो देखा की मेरा मकान के सामने का दरवाजा का ताला टुटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो हमारे बेड रूम कमरा में रखी आलमारी का लॉकर में रखे नगद 11 हजार रूपएं नही था। कोई अज्ञात चोर ने 14 जून की शाम 7 बजें से 17 जून की सुबह साढ़े 9 बजें के मध्य मेरे घर का ताला तोड़कर नगद राशि का चोरी किया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## खबर संक्षेप

### पूर्व माध्यमिक शाला साधुमिचगांव को मिला कम्प्यूटर



**दुर्गूकोंदल।** भारत सरकार की नई शिक्षा नीति के तहत डिजीटल शिक्षा पूर विशेष जोड़ दिया जा रहा है, जिसके तहत मिवान स्टील्स लिमिटेड के द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला, साधुमिचगांव को एक उन्नत किस्म का कुम्प्यूटर सेंट दिया गया। कम्पनी द्वारा किए गए इस कार्य से स्कूल में एक उन्नति डिजिटल युग के बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से परिचित होने में सहायता मिलेगी तथा नई-नई चीजें सीखने का मौका, मिलेगा। कुम्प्यूटर उपलब्ध होने से स्कूल के बच्चों, अध्यापकगणों तथा अभिभावकों में उत्साह की लहर देखी गई। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी, दुर्गकोंदल एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, मंडल संयोजक बैजनाथ नरेटी, बीआरसी लतीफ़ सोम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिरो कोमरे सरपंच साधुमिचगाँव मुकेश गावडे एवं मिवान स्टील्स लिमिटेड के प्रतिनिधि सहायक प्रबंधक रामानन्दन सिंह और आदित्य पैकरा एवं स्कूल के शिक्षक पालक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### विकसित भारत में योगदान के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को दिलाई गई शपथ

**भानुप्रतापपुर।** भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर में संकल्प से सिद्धि विकसित भारत का अमृत काल, पीएम मोदी के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम में संकल्प सभा एवं प्रत्येक शक्ति केन्द्र में जन चौपाल का कार्यक्रम के साथ मंडल कार्यकारिणी का द्वितीय बैठक हुआ। सांसद के द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी दिया गया। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे के द्वारा बूथ स्तर तक समस्त शासकीय योजनाओं को पहुचाने तथा लोगो को जागरूक करने के लिए समस्त कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी के द्वारा संकल्प से सिद्धि आजादी के अमृत काल, विकसित भारत 2047 पीएम मोदी के सपने को साकार करने तथा संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विकसित भारत में सभी का योगदान के लिए आग्रह कर सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान छत्रप्रताप दुग्गा, रत्नेश सिंह, राजीव श्रीवास, अभय पाण्डेय, हेमप्रकाश शिवहरे, देवेन्द्र टेकाम, राजा पाण्डेय, डालन सिंह राणा, योगेश सोनवानी, गिरिजा देवी साहू, अनीता रावटे, सुमित्रा साहू, कौशल्या उइके, ज्वाला जैन, संतोष बाजपेयी, राजेन्द्र जैन, प्रमिला शोरी, सरीता उयके, अरविंद जैन, आकाश सोलंकी, संगीता टाडिया, मनोज रावटे, रिजवान कुरैशी, मोहन, अनिष मिश्रा, सुरेश प्रजापति, शिव शंकर देहारी, राहुल धुन्ने, बाल्मिक पुजारी, लक्ष्मी यादव, लक्ष्मण कुलदीप एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बस्तर में आदिवासी अस्तित्व संकट में, खतरे में सांस्कृतिक विरासत

**नारायणपुर।** बस्तर संभाग में परिस्थितियां लगातार विषम होती जा रही है,इस परिस्थिति में आदिवासी को अपने रीति रिवाज, परंपरा एवं अमूल्य सांस्कृतिक विरासत विलुप्ती के मुहाने पर खड़ी नजर आ रही है। आदिवासी अपने अस्तित्व की लड़ाई के लिए संघर्ष कर रहे है। आदिवासी समाज की कुछ चिंताएं उभर कर सामने आ रही हैं जिन पर अपनी बात रखना आवश्यक है। सर्व समाज के अध्यक्ष का कहना हैं कि बस्तर अंचल के विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठाने वाले समाज प्रमुख व संगठनों को दबाव डाल कर कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। जब कोई आदिवासियों के हक अधिकार की बात करता है या उनकों अधिकारों की जानकारी देता है तो वह मानो कोई गुनाह कर देता है। जैसे हाल ही में तेंदूपत्ता बोनस घोटाले के संबंध में आवाज उठाने वाले पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के घर में छापा मारा गया यह कार्यवाही एक संवैधानिक तरीके से आवाज उठाने वाले को दबाने के लिए की गई कार्यवाही है।

---

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय कोण्डागांव में 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया

# वन अर्थ, वन हेल्थ थीम पर न्यायिक परिसर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव।

माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी' के मार्गदर्शन में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर 2025 की थीम योगा फोर वन अर्थ वन हेल्थ के अवसर पर परिवार न्यायालय परिसर के प्रांगढ़ में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभांरभ माँ सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित माननीय न्यायाधीश एवं अधिवक्ताओं के द्वारा किया गया। योग दिवस के आयोजन का उद्देश्य न्यायालय से जुड़े अधिकारियों कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं में तनाव, मानसिक शांति एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। माननीय न्यायाधीश महोदय विक्रम प्रताप चन्द्रा के द्वारा मानव जीवन में योगा का महत्व बताते हुए योग के माध्यम से सभी को स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दिये। लखन लाल पटेल अधिवक्ता योग शिक्षक एवं उनके योग साथियों के द्वारा समय प्रातः 7:30 बजे से 9:00 बजे तक लगातार अलग–अलग आसन कराये गए। इसके पश्चात सभी न्यायिक अधिकारियों कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं में एक विशेष उर्जा का संचार हुआ साथ ही योग प्रशिक्षको के द्वारा व्यायाम, आहार एवं आराम के महत्व को भी समझाया गया और योग को अपने जीवन की दिनचर्या का भाग बनाने के संबंध में जानकारी दी गई। योगाभ्यास कार्यक्रम के पश्चात पौष्टिक आहार का वितरण किया गया तथा इस प्रकार न्यायालय परिवार के आपसी सहयोग से 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सफलतापूर्वक मनाया गया।

ये रहे उपस्थितः इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव विक्रम प्रताप चन्द्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पॉक्सो कोण्डागांव यशोदा नाग, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नारायणपुर हरेन्द्र सिंह नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव शिव प्रकाश त्रिपाठी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव गायत्री साय तथा प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारीगण अधिवक्तागण व कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित रहे।



## करें योग-रहें निरोग, योग हमारे देश की पुरातन विधा हैः देव

**जगदलपुर।** 11 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग संगम और हरित योग थीम पर सामूहिक योग कार्यक्रम इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुए। इस अवसर पर किरण देव ने कहा कि करें योग-रहें निरोग इसी भावना के साथ स्वस्थ शरीर के लिए नियमित योग आसनों का अभ्यास करें। भारत वर्ष की पुरातन विधा योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष



कसरत के रूप में पहचान मिली है। आज पूरे विश्व सहित प्रदेश के सभी जगहों पर योगाभ्यास किया गया। इस दौरान विधायक ने एक पेड़ माँ के नाम के तहत स्टेडियम परिसर में पौधरोपण किया।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में महापौर संजय पाण्डे, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे , निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, जनप्रतिनिधि, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, जिला स्तरीय अधिकारी तथा नागरिक उपस्थित थे।

## गायत्री परिवार के योगाचार्य ने कराया छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास

**कोण्डागांव।** योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य और संतुलन का प्रतीक बन चुका है। हर साल 21 जून को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज न केवल भारत, बल्कि वैश्विक स्तर पर जन–जन को जोड़ने वाला पर्व बन गया है। यह भारत के उस संदेश को सशक्त करता है जिसमें एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की भावना निहित है। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दहीकोंगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग अभ्यास कार्यक्रम का सफल आयोजन



किया गया। विद्यालय के प्राचार्य त्रिनाथ प्रसाद जोशी एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ संस्था के प्रभारी एवं शारीरिक शिक्षक ऋषिदेव सिंह के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार के योगाचार्य अनिल बघेल, जयपाल नेताम द्वारा छात्र–छात्रओं को योगाभ्यास कराया गया। योग दिवस का यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला रहा, बल्कि छात्रें में आत्मअनुशासन और भारतीय परंपरा के प्रति सम्मान की भावना भी जागृत करता है।

## जिला न्यायालय परिसर में मनाया गया 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



**जगदलपुर।** शहर के जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष गोविन्द नारायण जांगड़े के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 11 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग समिति से योग शिक्षिकाएं श्रीमती गायत्री बड़कस, श्रीमती बबीता पाण्डेय एवं श्रीमती विभा सिंह के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर में योग शिविर लगाया गया। शिविर में समस्त न्यायाधीश, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरूण दास सहित अधिवक्ता, शासकीय अभिभाषक, प्रशासनिक अधिकारी सहित जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा लीगल एड डिफेंस कौंसिल के समस्त कर्मचारी शामिल रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा बस्तर जिले के अन्य क्षेत्रों में भी योग कार्यक्रम का आयोजन करते हुए उपस्थित जनों को निरंतर योग करने की सलाह देते हुए उन्हें स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित भी किया गया।

### योग से होती उर्जा

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष गोविन्द नारायण जांगड़े ने आयोजित योग शिविर में बताया कि स्वस्थ रहने के लिए योग कितना महत्वपूर्ण है। आज मनुष्य अपने जीवन में कितना व्यस्त है इसलिए शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है। योग से शरीर में आवश्यक उर्जा बनी रहती है। योग न केवल शारीरिक फुर्ती और शक्ति को बढ़ाता है बल्कि मन की एकाग्रता में सुधार भी करता है। आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य, बेहतर मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए योग को निरंतर अपनाना चाहिए।

### स्वस्थ रहने किया प्रेरित

अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुश्री अंकिता कश्यप सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शासकीय बालगृह जगदलपुर में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन करते हुए बालगृह के समस्त बच्चों को योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित किया गया। अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपस्थित बच्चों को योगा के लाभ बताए जाने हेतु प्राधिकरण द्वारा छपाए गए पाम्पलेट्स का वितरण किया गया।

## हायर सेकंडरी स्कूल मयूर डोंगर में हुआ भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम

**कोण्डागांव।** विश्व योग दिवस के अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में एक भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 6:30 बजे से प्रारंभ होकर लगभग तीन घंटे तक चला। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य नमस्कार से की गई, इसके पश्चात अनुलोम–विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम, मयूरआसन, चक्रासन, सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया।



प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को इन योग क्रियाओं के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योग करने से शरीर में स्फूर्ति आती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, तनाव कम होता है तथा मानसिक एकाग्रता में वृद्धि होती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश सैमसंग ने विद्यार्थियों को योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीनतम जीवनशैली का अभिन्न अंग है, जिसे आज पूरे विश्व ने अपनाया है। उन्होंने सभी को दैनिक जीवन में योग को शामिल करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता जमील अहमद खान, व्याख्यातागण हेमंत देहारी, श्री दीवान, रीता प्रधान, दुलेश्वरी दर्रो, संजीव तालुकदार, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, प्रमानंद बैद्य, भारत देवांगन सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन गायत्री मंत्र, शांतिपाठ एवं सामूहिक ध्यान के साथ हुआ। सभी ने इस आयोजन की सराहना की एवं भविष्य में भी नियमित योग अभ्यास करने का संकल्प लिया।

## स्वास्थ्य और संस्कृति का संगम, फरसगांव में मनाया गया 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**फरसगांव।** पूरे भारत भर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को मनाया गया, इसी कड़ी में फरसगांव जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत के संयुक्त तत्वधान में सामुदायिक भवन में सुबह 7 बजे से योग कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मानकु नेताम और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने कहा योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बढ़ाता है बल्कि सामाजिक कल्याण में भी योगदान देता है। यह व्यक्तिगत और सामूहिक स्वास्थ्य के परस्पर संबंध को बनाने का भी काम करता है, योग को व्यक्तिगत विकास और सामाजिक बेहतरी के साधन के रूप में बढ़ावा देता है, इसलिए सभी को रोजाना योगाभ्यास करना चाहिए। वहीं योग के प्रति जागरूक करते हुए टीएल नाग ने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग फायदेमंद है। कई बीमारियों से निपटने के लिए योग



मददगार होता है। मन की शांति के लिए भी रोजाना योगाभ्यास करने की सलाह दी जाती है। योग हमारी भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है। यही वजह है कि योग के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता। योगा के दौरान नायब तहसीलदार निधि नेताम, पार्षद शैल सेठिया, राजकुमारी नेताम, रीता गौतम, टीएल नाग, सन्तोष देवांगन, वीरेन्द्र साहू, कामेश्वर साहू, प्रेम नाग, युगल, मोहित सिंह सहित अन्य नगर वासियों की उपस्थिति में योग प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास की क्रियाएं कराई गई।

## एनसीसी की गर्ल्स कैडेट्स ने किया योगाभ्यास



**फरसगांव।** ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडेडोंगर में शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति में एनसीसी की 25 सीनियर डिवीजन गर्ल्स कैडेट्स (सीडीटीएस) ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों ने भी योगाभ्यास में भाग लिया और सभी को नियमित योग करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन तथा अनुशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कैडेट्स ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन आदि योग क्रियाओं का अभ्यास कर /"योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी की भावना को साकार किया। विद्यालय परिवार एवं एनसीसी इकाई द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्रामीण व स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरर

शासकीय हाईस्कूल कोकानपुर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्रामवासियों साहित विद्यालय के शिक्षको एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हाई, मिडिल एवं प्राथमिक स्कूल कोकानपुर में संयुक्त रूप से अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

ग्राम पटेल व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष माखन मंडावी ने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, निरोग व मन में एकाग्रता होता है। गंभीर से गंभीर बीमारी से बचने का बहुत अच्छा तरीका है योग करने से शरीर में प्रतिरोधक क्षमता तेज होता है मन गलत कार्यों व नशा करने में नहीं जाता है। आप सभी अपने घर परिवार में प्रतिदिन योग करें तथा अपनी रक्षा स्वयं करें।

**ये रहे उपस्थित**-कार्यक्रम में उपसरपंच योगीता राघवेंद्र राजपूत, पारसमडी जैन, नरसिंह कुमेटी, टाकेश्वर धनकर, भीष्म वर्मा, लखन जैन, राजेंद्र साहू, शेखर महलवार, दोगेंद्र कश्यप, अनामिका साहु, हलाली कुदराम, शशिकला कावडे, सविता जैन, दिलेश्वरी कोड़ोपी, पूर्णिमा मंडावी, साधना बिसेन, अनस राम सलामे व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ईरपानार में योग दिवस के अवसर पर किया योग अभ्यास

**पखांजूर।** 11 वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के अंतिम छोर अंदरुनी क्षेत्र कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के अंतर्गत शाउमा विद्यालय ईरपानार मे योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित योग शिविर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ योग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता हैं। कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया एवं उसके बाद शिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न आसन व प्राणायामों के बारे में व उनसे होनेवाले लाभ के बारे में बताया। विद्यालय के प्राचार्य जीआर चुरेन्द् ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए बच्चों को योग के बारे में विस्तार से बताया तथा योग से होने वाले शारीरिक,मानसिक एवं आत्मिक फायदों को गिनाया और कहा की योग भारत की सांस्कृतिक विरासत का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है। यह हमारे शरीर, मन एवं आत्मा के बीच सामंजस्य बनाता है। इस मौके पर सिया राम धुर्व, पोषण लाल भुआर्य, गजेंद्र तारम, सरोज विस्वास, हरिवंश कोशाम, ध्रित लहरे मरकाम, गोबिंद मंडल, प्रीति जयसवाल, यामिनी ठाकुर, दीपिका रॉय शर्मा अन्य कर्मचारि सहित शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।



# 33 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**दुर्गुकोंदल।** 33वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी में इस वर्ष के विश्व योग दिवस की थीम पर पर कमांडेन्ट 33वीं वाहिनी प्रियव्रत शर्मा के मार्गदर्शन में वृहद् स्तर पर विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के सामान्य योग शिष्टाचार के अंतर्गत योग कार्यक्रमों को आयोजन किया गया, जिसमें वाहिनी मुख्यालय केवटी तथा सीमा चौकियों क्रमशः ब्लाक ए, जालटॉप, तालाबेड़ा, बर्रेबेड़ा एवं कोसरोण्डा मे तैनात सभी अधिकारियों तथा कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान 540 प्रतिभागियों को प्रोटोकॉल के अनुसार योग, प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया। इसके अतिरिक्त सीओबी में तैनात कर्मिकों द्वारा स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी योग प्रशिक्षण के लिए जागरुक किया गया और दैनिक जीवन में योग के महत्व के विषय में बताया। इस अवसर पर प्रियव्रत शर्मा कमांडेन्ट 33वीं वाहिनी द्वारा वाहिनी में आयोजित योग कार्यक्रमों में सम्मलित सभी अधिकारियों कार्मिकों को संबोधित करते हुए योग की महत्ता के विषय में अवगत कराते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है। यह मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक संतुलन का माध्यम है एवं योग न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को सुदृढ बनाता है। वरन सामाजिक सौहार्द एवं आत्मसंयम को भी बढ़ाता है जो कि व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में मदद करता है।



## पेज 13 के शेष

### योग केवल एक...

अध्यक्ष अरूण कौशिक, नगर पालिका के उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, नगरपालिका के पार्षद के अलावा अधिकारियों में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला, एसडीएम अरूण वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों व नागरिकों, छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगासन एवं प्राणायाम की विभिन्न मुद्राओं का एक साथ सामूहिक अभ्यास किया।

### बीएसएफ के जवानों...

आधारित योग दिवस का महत्व बताया और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आव्हान भी किया। कार्यक्रम का वातावरण अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मकता से ओतप्रोत रहा कार्यक्रम में भाग लेने वाले जवानों ने इसे न केवल शारीरिक रूप से लाभकारी बताया, बल्कि मानसिक रूप से भी अत्यंत स्फूर्तिदायक अनुभव माना। जवानों ने यह भी संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाएंगे और अपने परिवार एवं समुदाय में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएंगे। योग अभ्यास सत्र में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, कपालभाति, भुजंगासन, पश्चिमोत्तानासन, वज्रासन और ध्यान क्रियाओं को शामिल किया गया।

### संलग्नीकरण शिक्षकों...

निकालते हुए उन्हें अतिशेष बताया गया एवं अपने करीबी शिक्षको को अधिकांश स्कूलों में अटैच कर नाम छुपाने का काम किया गया है। इस मामले में जिले के भानुप्रतापपुर ब्लॉक सुर्खियों में बना हुआ है। प्राथमिक शाला साल्हे में दर्ज संख्या 40 ,है लेकिन वहां भी तीन शिक्षक पदस्थ है। रवि शंकर यादव प्रधानपाठक, दुलारी कोमिया सहायक शिक्षक एवं लेमेस खरे जो शिक्षक हड़फड़ दुर्गुकोदल ब्लॉक में मूल पदस्थापना है, जिन्हें साल्हे प्राथमिक शाला में अटेच किया गया है।

### घायल युवक की...

सीजी 19 बीई 7726 के चालक को मेन रोड पालनदी के पास ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से मृतक के सिर मुंह दाहिने हाथ, दाहिने पैर एवं सीना में अंदरूनी चोट लगा था पीछे बैठे राजेश बाला के सिर दाहिने हाथ, दाहिने पैर में चोट लगा। दुर्घटना में मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बांदे लेकर गए। वहां से पखांजुर रिफर किया गया। हायर सेंटर ले जाते समय उसका मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 एआर 3039 के चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### जमीन विवाद को...

के लिए अंतागढ़ के अस्पताल में भर्ती किया गया। चोट गंभीर होने पर जिला अस्पताल में रिफर किया गया। इलाज कराने में व्यस्त होने के कारण थाना में शिकायत दर्ज नही करा पाया था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाल सिंह दरपट्टी, पंडितराम दरपट्टी और रामचन्द दरपट्टी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### अज्ञात वाहन ने...

लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से दोनो लोगों को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसे मेरी पत्नी एवं बहन को चोट आया। दोनो को इलाज के लिए चारामा अस्पताल पहुंचाया गया। चोट गंभीर होने के कारण भुनेश्वरी साहू को धमतरी के नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज कराने के कारण हम लोगा थाना में जानकारी नहीं दे पाएं। ईलाज करवाकर वापिस आने के बाद थाना में शिकायत किया और पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### योग दिवस पर लोगों ने किया उत्साहपूर्वक योग



**भानपुरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी में विश्व योग दिवस के उपलक्ष में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्षा वेदवती कश्यप, जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, जनप्रतिनिधि, ग्राम के गणमान्य नागरिक, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयं सेवक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा किया गया।

### रेल्वे कॉलोनी में महिला ने लगायी फांसी

**बचेली।** स्थानीय रेल्वे मंदिर के सामने रेल्वे कॉलोनी में शिवानी निहाल नाम की 28 वर्ष की महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका हैं। पुलिस ने लगभग 1.30 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिया भेज दिया हैं। रेल्वे कॉलोनी की रहने वाली महिला की 5 वर्षीय पुत्री ने तड़के लगभग 5.30 बजे नींद से उठकर अपनी मां के शव को लटकते हुए देखा और बच्ची की चीख निकल पड़ी। इसके बाद पड़ोसी वहां आ गये कुछ देर बाद महिला का पति और परिजन वहां आ गए। जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गयी। महिला के 3 बच्चे हैं जिसमें बड़ी बेटी 5 वर्ष, मझली बेटा 3.5 वर्ष एवं सबसे छोटा बेटा 1 वर्ष का हैं।महिला अपने पति से अलग रहकर अपने तीनों बच्चों के साथ जीवनयापन कर रही थीं।

### शिशु मंदिर में मनाया गया विश्व योग दिवस



**गीदम।** विश्व योग दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में आचार्य परिवार द्वारा योग कर योग दिवस मनाया गया। अभिभावक शुक्ला राम कड़ती, पतंजलि योग संस्थान के द्वारा दीप प्रज्वलन व पूजा अर्चना कर योग प्रारंभ किया गया। विद्यालय के योग्य शिक्षक गोवर्धन ठाकुर ने योग का महत्व बताया एवं स्वदेशी वस्तु का उपयोग करना, पर्यावरण सुरक्षा की चिंता करना आदि के बारे में भैया बहनों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत सभी को पेड़ लगाना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने योग के महत्व को बताया। इस दौरान वज्रासन, पद्मासन, आलोम विलोम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, तितली आसन आदि किया गया। योगासन में विद्यालय के भैया बहन व अभिभावक भी शामिल हुए।

## मेंडका डोबरा मैदान में सैकड़ों लोगों ने किया योगाभ्यास

# योग के घोष से गूंजा मां दंतेश्वरी का प्रांगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दंतेवाड़ा जिले में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन किया गया, मुख्य कार्यक्रम मां दंतेश्वरी के पवित्र प्रांगण मेंडका डोबरा मैदान में आयोजित किया गया। यहां मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित स्थानीय विधायक चैतराम अटामी के साथ हजारों के संख्या में योग साधकों ने योगाभ्यास किया। यहां जब एक हजार लोगों ने ऊँ के उद्घोष के साथ योग किया तो नजारा देखने लायक था।

योग की आसान संक्रियाओं को करने के साथ ही लोगों ने योग के महत्व

■ तनावपूर्ण जीवनशैली में योग ही ऐसा माध्यम है जो शरीर, मन और आत्मा को एक सूत्र में बांधता है

भी जाना। इस दौरान योग गुरु लोगों के योग के साथ ही यौगिक साधनाओं के महत्व के बारे में बता रहे थे। यह योग का सम्मान था, भारत की प्राचीन समृद्ध संस्कृति का सम्मान था। यह खास अवसर इतना गौरवशाली था कि योग करने वाले अपने जड़ों से जुड़ा महसूस कर रहे थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे पूरी दुनिया ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि योग सिर्फ एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने की एक संपूर्ण जीवनशैली है। योग नियमित रूप से करने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है और आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और इसे केवल एक दिन की गतिविधि न मानें, बल्कि इसे निरंतर अपनाकर स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। उन्होंने यह भी कहा कि योग के माध्यम से हम न केवल स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज संपूर्ण विश्व में योग कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। यह दिन केवल एक आयोजन भर नहीं है, बल्कि यह हमें अपनी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और जीवनशैली की ओर लौटने की प्रेरणा देता है।

कलेक्टर ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन भी एक स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। आज की तेज रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग ही एक ऐसा माध्यम है, जो शरीर, मन और आत्मा को एक सूत्र में बाँधता है। योग केवल व्यायाम या आसनों का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह एक समग्र जीवन दर्शन है, जो अनुशासन, संयम और संतुलन सिखाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि योग को केवल एक दिन के कार्यक्रम या प्रदर्शन के रूप में न अपनाएं, बल्कि इसे प्रतिदिन के जीवन में एक नियमित अभ्यास के रूप में शामिल करें।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदनाल मुड़ामी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, डीएफओ सागर जाधव, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य जनप्रतिनिधि पंचायत पदाधिकारी और अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस दौरान योग प्रशिक्षक डॉक्टर भारती रजक, डॉ. संतोष कुमार बर्मन, मंजू सिगची ने प्रार्थना, शिथिलीकरण अभ्यास, ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवन मुक्तासन, शवासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन अथवा अनुलोम विलोम प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। इसके साथ ही योगाभ्यास के पश्चात अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मेंढका ढोबरा परिसर में एक वृक्ष मां के अभियान के तहत पौधा रोपण किया।

# तीरथगढ़ जलप्रपात के तट पर लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



तीरथगढ़ जल प्रपात के पावन तट पर 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप भी सहभागिता करते हुए योगाभ्यास में भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

पूर्व विधायक ने इस अवसर पर कहा कि तीरथगढ़ की प्राकृतिक छटा के बीच योगाभ्यास करना एक अत्यंत सुखद और आत्मिक अनुभव रहा। योग न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक उन्नति का भी सशक्त माध्यम है। यह तनाव को कम करता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। इसके साथ ही दरभा जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप पीडी ने अपने उदबोधन में कहा कि योग को यदि हम अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बना लें, तो एक स्वस्थ, सुखी और संतुलित जीवन की ओर बढ़ सकते हैं। पीडी ने अंत में सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वास्थ्य और आत्मिक चेतना की भावना को जागृत करते हैं। इस सामूहिक योग कार्यक्रम पर मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अनंत कश्यप, फूलसिंह सेठिया, मुन्नू सिंह दुर्जन कश्यप एवं जनपद सीईओ बीरेंद्र बहादुर, बीईओ जगदीश पात्र, एबीओ शेख तौफीक खान, बीआरसी समलू राम कश्यप, मंडल सयोजक महेन्द्र बघेल, निलाप सिंह ठाकुर, महेन्द्र नायक, प्रभु लाल यादव, प्रकाश मोरे एवं क्षेत्रीय नागरिकों, युवाओं, योग प्रशिक्षकों, संकल्प ठाकुर, प्रभुलाल यादव सहित प्रशासनिक अधिकारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# एसबीआई फाउंडेशन व परिवर्तन समाज विकास समिति ने योग दिवस मनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला कूड़कानार में योग दिवस पर छात्रों ने योग आसनों का अभ्यास किया, जिसमे मुख्य रूप से 101 बच्चों ने भाग लिया और योग ट्रेनर राहुल लोहाना ने उन्हें योग के महत्व के बारे में जानकारी दी।

योग व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वास्थ रखता हैं। यह बच्चों को द्रण रहना , धैर्य रहना और अपने लक्ष्यों की और काम करना सिखाता हैं। यह करुणा मनन उदारता ध्यान शक्ति और लचीलेपन का अभ्यास करने के लिए उपकरण भी प्रदान करता हैं। जिला समन्वयक सूरज पटनायक ने सुबह की दिन चर्या पूरी तरह से योग पर केंद्रित की। दिन की शुरुवात प्रार्थना से हुई और योग से संबंधित दिन के शब्द और दिन के विचार के साथ जारी रही। विद्यार्थियों ने योग और आज की विश्व स्तिथि में इसको प्रभावशीलता के बारे में बात की।

इस दौरान उपस्थित सरपंच सामो कश्यप, हेड मास्टर धीरेंद्र यादव, शिक्षिका आभा प्रीति इक्का , सुश्री शिल्पा शार्वा, ममता ठाकुर, फूल सिंह यादव, योग ट्रेनर राहुल लोहाना, ऋषब वर्मा, जिला समन्वयन सूरज पटनायक, डॉ. विभाष ओझा, डॉक्टर हिरमा मांडवी, फार्मासिस्ट रवींद्र पोयाम, लैब टेक्नीशियन पल्लवी पांडे , स्टाफ नर्स पूर्वा खपर्डे, पायलट अशोक बघेल की उपस्थिति रही।

# स्वस्थ शरीर के लिए योग अमृत के समान : आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



ग्यारहवे अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आयोजित जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम एजुकेशन सिटी के नवोदय विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने शारीरिक और मानसिक विकारों को दूर करने एवं स्वस्थ शरीर के लिए योग को अमृत के समान बताया। विधायक ने कहा कि अपने व्यक्तिगत दिनचर्या के बीच योगाभ्यास के लिए समय जरूर निकाले योग हमे शारीरिक मानसिक थकावट एवं डिप्रेशन से दूर रखने के साथ ही हमे हमारे दिनचर्या में अतिरिक्त ऊर्जा प्रदान करता है। भागदौड़ भरी जिंदगी में योगाभ्यास हमे शारीरिक और मानसिक रूप से स्फूर्ति प्रदान करता है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि आशाराम नेताम एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी ने एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया।

विधायक नेताम ने कहा कि जिस तरह एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर योगाभ्यास किया जा रहा है। वैसे ही पृथ्वी और स्वास्थ्य को बचाने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुसार महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण कर उनका देखभाल कर हम पर्यावरण को संतुलित कर सकते हैं, पृथ्वी का पर्यावरण संतुलित होने से मानवजीवन का स्वास्थ्य भी संतुलित रहेगा इसलिए हम सभी को एक पेड़ मां के नाम से अवश्य लगाना चाहिए और उनका समुचित देखभाग करना चाहिए। योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने माननीय प्रधानमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन कर कहा कि एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य नही बल्कि मानवता, पर्यावरण और वैश्विक कल्याण की भावना को भी प्रकट करती है योग हमारी संस्कृति, विरासत का अभिन्न हिस्सा है। जो शरीर और मन को संतुलित कर शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त करती है।

समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विशाल जनसमुदाय ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा योग के विभिन्न आसन, ग्रीवा चालन, कटि चालन, घुटना चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन्न, भुजंगासन, शलभासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, प्रणव ध्यान सहित विभिन्न आसन का अभ्यास कराया गया एवं उनके लाभ को भी बताया गया।

### तेंदुपत्ता संग्राहकों को चरणपादुका वितरण

मुख्यअतिथि आशाराम नेताम, क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव एवं डीएफओ रंगानाथा रामाकृष्णा वाय के द्वारा तेन्दूपत्ता संग्राहक धनोरा समिति अंतर्गत मांझीगुड़ा एवं संतोषपुर समिति के तेन्दूपत्ता संग्राहकों को चरणपादुका का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, उप संचालक समाज कल्याण कमलेश्वर पटेल सहित वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं जनसमान्य उपस्थित थे।

### विश्व योग दिवस पर भूरसंडी के बच्चों ने किया योग



**भोण्ड।** बस्तर विकासखण्ड के माध्यमिक शाला भूरसंडी एवं प्राथमिक शाला महुगुड़ा के स्कूली बच्चों को 11 वें विश्व योग दिवस के अवसर पर शिक्षकों के द्वारा योग योग करवाया गया। साथ ही विभिन्न योगासन से शरीर को होने वाले लाभ की भी जानकारी दी गई। नियमित रूप से योग करने से शरीर भी निरोग रहता है। इस दौरान पालक भी इसकी जानकारी प्राप्त करते देखे गए। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक शैलेन्द्र कुमार तिवारी, रश्मि नेताम, सुश्री हेमलता कश्यप, भूतेश्वर प्रसाद पाण्डेय, लोकेश रावते प्राथमिक शाला के प्रधान अध्यापक चमरू राम बघेल, सतीश श्रीवास्तव, पीलू राम मौजूद थे।

### पांच दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन



**बस्तर।** संचालक आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहनिश साहू के मार्गदर्शन में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चपका में किया गया। जिसका उद्घाटन चपका सरपंच पीली कश्यप के द्वारा तथा योग शिविर का समापन जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप की उपस्थिति में विश्व योग दिवस के अवसर पर विभिन्न योगाभ्यास कर समापन किया गया। इस अवसर पर सुंदरी मौर्य, लक्ष्मी यादव, प्राचार्य बीआर कच्छ, जीसी प्रधान, आरएस तिवारी, एमएस सेठिया, प्रेमनाथ कश्यप, सीआर साहू, एमआर जैन, पदमा क्षत्रिय, एसमा सेठिया, गीता नेताम व शिविर प्रभारी डॉ. विनोद सिंह, योग शिक्षक विजय देवांगन, घनश्याम सीदार फार्मासिस्ट एवं अन्य विद्यालय स्टॉप एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### योग शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है: मोहित



**जगदलपुर।** 11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 22 बटालियन सीआरपीएफ मिंगाचल कैम्प के प्रांगण में किया गया। जिसमें बटालियन के अधिकारियों मोहित कपूर कमाण्डेंट, पंकज कुमार द्वितीय कमान अधिकारी एवं निरंजन कुमार सिंह उप. कमाण्डेंट, मौ. नसीर सीनियर चिकित्सा अधिकारी, विजय आनन्द सहायक कमाण्डेंट तथा अधिनस्थ अधिकारियों एवं बल के जवानों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। योग अभ्यास के दौरान विभिन्न प्रकार के आसन एवं प्राणायाम कराये गये। मुख्य अतिथि मोहित कपूर कमाण्डेंट द्वारा योग के महत्व को समझाया गया एवं दैनिक जीवन में योग के फायदों के बारे में प्रेरित किया। यह भी बताया गया है कि योग हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास को मजबूत बनाता है साथ ही शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है।

### डीएव्ही पॉलिटेक्निक ने मनाया योग दिवस



**गीदम।** एजुकेशन सिटी जावंगा में स्थित एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा महाविद्यालय में योग दिवस आयोजित किया गया। भारत सरकार आयुष मंत्रालय एवं छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के दिशानिर्देश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः हुई जिसमे महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने बताया कि महाविद्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन वाले योग प्रोटोकॉल का सभी ने अभ्यास किया। इस वर्ष सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प भी किया कि वे सभी नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम को अपने जीवन में स्थान देंगे। योग अभ्यास में प्रथम स्ट्रेचिंग अभ्यास कराया गया जिसमे सिर से लेकर पैर तक सभी अंगों को आसन के लिए तैयार करना उद्देश्य था। इसके बाद आसनों का अभ्यास किया गया। ताड़ासन, शलभ आसन, मकर आसन, भुजंगांसन इत्यादि का अभ्यास कर्मागत कराया गया। अंत में प्राणायाम तथा ध्यान भी कराया गया। सभी उपस्थित लोगो ने योग किया तथा छात्र विशेष रूप से योग अभ्यास करके प्रसन्न हुए।

# एनएमडीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया अलोम, विलोम और सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल





भारत सरकार के खनन मंत्रालय के निर्देश अनुसार एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल लोह अयस्क परियोजना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के तहत संजीव शाही मुख्य महाप्रबंधक के निर्देश में योग से योग्य 11वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर परियोजना विद्यालय में योगाभ्यास किया गया।

■ किरंदूल परियोजना में योग से योग्य कार्यक्रम किया गया

संजीव साही मुख्य महाप्रबंधक एवं मंजू साही अध्यक्षा प्रेरणा महिला समिति ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। केएल नागवेणी उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। योग दिवस के अवसर पर साही ने कहा कि योग एक शारीरिक क्रिया है, यह हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। योग हमारे शरीर, मन और ध्यान को जोड़ता है। इसके पश्चात योग शिक्षक नरोत्तम धुव्र ने उपस्थितों को प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, पद्मासन, व्रजासन, शवासन, भुंजगासन, सूर्यनमस्कार आदि आसनों का अभ्यास कराया।

कार्यक्रम में एसके कोचर, महाप्रबंधक खनन खान प्रबंधक, पीबी एंटोनी महाप्रबंधक सामग्री, सेल्वाकुमार महाप्रबंधक (यां.) सेवाएं, सुनील कुमार उप महाप्रबंधक प्रशि. व सुरक्षा, टीएस रामनाथ उप महाप्रबंधक सिविल, एके सिंह, सचिव एमएमडब्ल्यू यूनियन, संजय पाटील सहा.महाप्रबंधक राजभाषा, प्रमोद कुमार सहा.महाप्रबंधक सुरक्षा, शैलेन्द्र सोनी सहा.महाप्रबंधक कार्मिक सहित विभागाध्क्ष, अधिकारी- कर्मचारी, छात्र-छात्राएं व आमजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन अभिजीत मिश्रा, वरि.प्रबंधक कार्मिक और दिनेश साहू ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मो.तनवीर जावेद, उप महाप्रबंधक कार्मिक ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्मिक विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का बेहद महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सैनिकों ने योगाभ्यास कर अनुशासन, मानसिक शांति एवं शारीरिक फिटनेस का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमांडेंट-201 कोबरा अमित चौधरी तथा कमांडेंट-204 कोबरा संतोष कुमार मल्ल के मार्गदर्शन में कोबरा अधिकारियों व जवानो ने संयुक्त रूप से आज कोबरा काम्प्लेक्स करनपुर में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं लगन के साथ मनाया। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग को ध्यान में रखते हुए कोबरा बटालियन ने अति-नक्सल प्रभावित क्षेत्र छत्तीसगढ़ में योग सत्रों का आयोजन किया जिसमे सैकड़ो की संख्या में सैनिको ने योगाभ्यास कर अनुशासन, मानसिक शांति एवं शारीरिक फिटनेस का संदेश दिया।

### योग फॉर वन अर्थ,वन हेल्थ के दृढ़ संकल्प के साथ योग्याभ्यास

**जगदलपुर।** विश्व योग दिवस पर 80 वीं वाहिनी केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल, मुख्यालय जगदलपुर के प्रांगण में हरजिन्दर सिंह, उप महानिरीक्षक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल रेंज जगदलपुर के निर्देशन में 80 वीं वाहिनी के कमाण्डेन्ट जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में 11 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग फॉर वन अर्थ,वन हेल्थ के दृढ संकल्प के साथ योग कार्यकम का आयोजन किया गया।



